सौन्दर्य प्रतियोगिता

-नागार्जुन

Scanned with CamScanner

गंगा की मछली..

यमुना की मछली..

सहेली थी दोनो-

हिल- मिल कर रहती थी

कभी - कभी निकल जाती दूर

संयम से आगे,और आगे, और आगे

एक बार हुआ युं कि

सुलग उठी स्पर्धा की आग दोने के अंदर

Scanned with CamScanner

मै हुं सुन्दर, मै हु सुन्दर।

इस तु - तु - मै - मै - मे दिन चढा उपर

कि सहसा दे गया दिखाई कछुआ रेती पर

जाडे की धूप में पडा था पसर कर

मछलीया पास आयी

प्रणाम किया, बोली-

सच-सच कहिएगा बाबा,

हममे से किसका वाजिब है खुबसुरती का दावा

Scanned with CamScanner

वयस्क्र - बुजुर्ग सुधी शिरोमणि कछुआ

हिलाता रहा लम्बी गर्दन, दंखता रहा मछलीयों की ओर

बांला वह स्थितप्रज्ञ कुछ क्षण उपरान्त-

गंगा की मछली, तुम भी सुन्दर हो

यमुना की मछली तुम भी सुन्दर हो

Scanned with CamScanner

तो फिर सच-सच बतला दुं-

पकी प्रज्ञा वाले बाबाजी बोले गर्दन हिलाकर

तुम भी सुन्दर हो गंगा की मछली,

यमुना की मछली, तुम भी सुन्दर हो

किन्तु बनिस्ब्त तुम दोनो के

मै अधिक सुन्दर हुं

बिल्लौरी कांच-सी कांती वाली यह गर्दन..

बरगद-सी छतनार ऐसे पीठ..

नन्हे मसुर - से ऐसे ये नेञ..

देखी नही होगी ऐसी खुबसुरती

आओ,और निकट आओ।

यं मत घबराओ।

Scanned with CamScanner

भागकर दोनों हो गई गायब

संगम की अतल जल राशि में

अधूरा ही रह गया

प्रवचन महामुनि का

Scanned with CamScanner

हिंदुस्थान हमारा है

बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

Scanned with CamScanner

कोटि-कोटि कंठों से निकली आज यही स्वरधारा है
भारतवर्ष हमारा है यह, हिंदुस्थान हमारा है।

जिस दिन सबसे पहले जागे, नव-सृजन के स्वप्न घने
जिस दिन देश-काल के दो-दो, विस्तृत विमल वितान तने
जिस दिन नभ में तारे छिटके जिस दिन सूरज-चांद बने
तब से है यह देश हमारा, यह अभिमान हमारा है।

Scanned with CamScanner

जबकि घटाओं ने सीखा था, सबसे पहले घिर आना
पहले पहल हवाओं ने जब, सीखा था कुछ हहराना
जबकि जलधि सब सीख रहे थे, सबसे पहले लहराना
उसी अनादि आदि-क्षण से यह, जन्म-स्थान हमारा है।

Scanned with CamScanner

जिस क्षण से जड़ रजकण, गतिमय होकर जंगम
कहलाए
जब विहंसी प्रथमा ऊषा वह, जबकि कमल-दल मुस्काए
जब मिट्टी में चेतन चमका, प्राणों के झोंके आए
है तब से यह देश हमारा, यह मन-प्राण हमारा है।

कोटि-कोटि कंठों से निकली आज यही स्वर-धारा है
भारतवर्ष हमारा है यह, हिंदुस्थान हमारा है।

Scanned with CamScanner